# एनएचएआई के त्रुटि पूर्ण कार्य का खामियाजा भुगत रहे महाराणा प्रताप कॉलोनी वासी

## कलेक्टर ने भी बायपास पहुंचकर मौके का जायजा लिया किंतु नतीजा कुछ नहीं निकला

**छपारा, देशबन्धु ।** नगर के एन एच 44 फोरलेन सड़क बायपास की ओर से पिछले कई वर्षो से बारिश के मौसम में आने वाले बरसात का पानी नगर के हनुमान कालोनी,हाईवे कालोनी महाराणा प्रताप कॉलोनी, जल भराव होने से बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी का कारण बनता आ रहा हैं। जिसमें सबसे अधिक परेशानी महाराणा प्रताप कॉलोनी में रहने वाले वार्डवासियों को होती है जिनके घरों के अंदर पानी का घूसना बारिश के मौसम आम बात हो गई है।

इसे लेकर इन वार्डों के रहवासियों ने विगत कई वर्षों से लगातार शिकायत दर्ज कराई परंतु ठोस समाधान आज तक नहीं हुआ। गत वर्ष भी जुलाई के महीने में हुई तेज बारिश का पानी आधी रात को महाराणा प्रताप कॉलोनी के लगभग बीस से पच्चीस घरों में घुस गया जिससे घरों में रखा अधिकांश खाद्यान्न सामग्री खराब से लेकर गृहस्थी का समान बर्बाद हो गया



था इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ज्ञात हो की क्षेत्र में तेज बारिश से उक्त वार्ड में तांडव मचाने वाला पानी नगर के एन एच 44 फोरलेन सड़क बायपास बनने के बाद से ही आ रहा हैं जिसको लेकर विगत वर्ष जिला कलेक्टर से भी शिकायत की गई थी किंतु इसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा भी कोई पहल नहीं की गई।

वहीं इस वर्ष भी 14 जून के बाद अच्छी बारिश का क्रम जारी है जिस दिन दो तीन घंटे मूसलाधार बारिश होती है उस दिन वार्ड वासियों की नींद हराम हो जाती हैं कि फिर से कही घरों में पानी तो नहीं भर जायेगा, अच्छी और तेज बारिश यहां निवासियों के लिए दिल की धड़कन बढ़ा देता है। लगभग दस वर्षो से चली आ रही इस समस्या को लेकर यहां के निवासी असमंजस में है कि आखिर किसके पास फरियाद करें कि समस्या हल हो जाए चूंकि हर संभावित जगह शिकायत करके लोग थक चुके हैं आगामी समय में देखना होगा कि इस विषय पर संज्ञान लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन क्या ठोस कदम उठाता है।

# कलेक्टर ने की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति की समीक्षा

**सिवनी, देशबन्धु ।** कलेक्टर संस्कृति जैन ने 27 जून को सभी एसडीएम, सीईओ जनपद एवं ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों तथा अभियान से जुडे अधिकारियों की बैठक लेकर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर सुश्री जैन ने जिलें की 292 पंचायतों के 397 ग्रामों में 15 जून से आरम्भ हुए धरती आबा अभियान अंतर्गत आयोजित हुये शिविरों में अभियान में शामिल योजनाओं के लाभ से लाभांवित हुए जनजातीय हितग्राहियों तथा प्राथमिक सर्वे उपरांत शेष बचे व्यक्तियों की समीक्षा कर सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को डोर टू डोर सर्वे कराकर पात्रता अनुसार हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर सुश्री जैन ने अनुभागवार विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान में शामिल ग्रामों में कोई भी जनजातीय परिवार आयुष्मान कार्ड, जाति निवास प्रमाणपत्र, एलपीजी गैस कनेक्शन, जन्म प्रमाणपत्र, राशन कार्ड सहित अन्य चिन्हांकित योजना के लाभ से वंचित न रहे।

ग्रामस्तर पर सर्वे दल का गठन कर घर घर जाकर चिन्हांकित शेष रहे लाभार्थियों को पात्रतानुसार योजना के लाभ दिलाये जाने की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर जैन ने इन ग्रामों के छात्र-छात्राओं के समग्र आईडी, जाति प्रमाण पत्र एवं छात्रवृत्ति प्रकरणों के निराकरण को लेकर भी शिक्षकों को सर्वे कर शतप्रतिशत छात्र-छात्राओं को लाभांवित करने के निर्देश दिये हैं।

# लक्ष्य से अधिक सैनिक कल्याण निधि संग्रहित करने पर जिला सम्मानित



**सिवनी, देशबन्धु।** शहीद सैनिकों, वीर नारियों, विकलांग सैनिकों, विधवाओं एवं पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहित करने के उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला प्रशासन सिवनी को सम्मानित किया गया है। राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल द्वारा जिला प्रशासन को प्रशंसा पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया है।जिसे शुक्रवार 27 जून को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास द्वारा कलेक्टर सुश्री जैन को भेंट किया गया।

सैनिकों के कल्याण के लिये राज्य स्तर पर एक निधि (अमलगमेटेड स्पेशल फण्ड फॉर रिकन्स्ट्रक्शन एण्ड रिहेबिलिटेशन ऑफ एक्स सर्विसमेंन) की स्थापना की गई हैं। इस निधि का संचालन महामहिम राज्यपाल की अध्यक्षता में गठित राज्य प्रबंधन समिति द्वारा किया जाता हैं। इस निधि में राशि का संग्रहण सशस्त्र झण्डा दिवस के अवसर पर नागरिकों को ध्वज लगाकर किया जाता है।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि में जिलाध्यक्ष सिवनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य राशि से अधिक धनराशि एक्रत्रित करने में सराहनीय योगदान के फलस्वरूप यह सम्मान मध्यप्रदेश के राज्यपाल द्वारा कलेक्टर संस्कृति जैन को दिया गया है।

## सार-समाचार

### कैरियर चुनाव रुचि या आमदनी के अनुसार वाद-विवाद प्रतियोगिता

**गोटेगांव, देशाबन्धु ।** विगत दिवस शासकीय सांदीपनि विद्यालय गोटेगांव में कैरियर मार्गदर्शन सप्ताह की अंतिम दिवस वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ विद्यार्थियों को वाद-विवाद के तरीके सिखाने ,उनमें तार्किक कौशल विकसित करने एवं करियर के उचित चुनाव हेतु मार्गदर्शन करने के लिए विद्यालय की शिक्षकों ने वाद विवाद का प्रदर्शन किया।



इस प्रतियोगिता में रुचि के पक्ष में विद्यालय के शिक्षक के के पंद्रे , ललित दुबे, विनीता मिश्रा एवं पूजा मेहरा ने अपने विचार व्यक्त किए एवं आमदनी के पक्ष में शिक्षक राजेश गुप्ता, शुभम चक्रवर्ती ,धीरज अहिरवार और आशुतोश नेमा ने अपनी बात रखी । अंत में शिक्षक नारायण डेहरिया ने प्रतियोगिता का निष्कर्ष प्रस्तुत किया ।प्रतियोगिता का संचालन कैरियर मार्गदर्शक मनोज कुमार जैन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय प्राचार्य एस. के. सिसोदिया सहित समस्त स्टाफ की गरिमा मय उपस्थिति रही। अंत में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक पी. एस. पटेल द्वारा समस्त प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की गौरवशाली उपलब्धि पर डॉ. प्रफुल्ल भोयर सहित टीम को दी बधाई

**सौसर, देशबन्धु।** रामाकोना का गौरव प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, सेवा, समर्पण और सतत प्रयासों की शानदार मिसाल बनते हुए रामाकोना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,ने गौरवशाली उपलब्धियाँ अपने नाम की हैं । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश के अंतर्गत कायाकल्प कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाकोना को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक राष्ट्रीय प्रमाणन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 92,81 प्रतिशत स्कोर प्राप्त कर सम्मानित किया गया है । यह रामाकोना के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाकोना की पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत कर यह सिद्ध किया है कि जब सेवा में संवेदना हो और कार्य में ईमानदारी तो परिणाम सिर्फ सम्मान नहीं,इतिहास बनते हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाकोना की पूरी टीम ओर डॉ प्रफुल्ल भोयर सर को हार्दिक बधाई एवं साधुवाद, आपने न सिर्फ रामाकोना को गौरवांवित किया, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की नई परिभाषा गढ़ी है।



# सेन समाज के सामुदायिक भवन की पूर्व मंत्री ने रखी आधारशिला



**सौसर, देशबन्धु।** शनिवार को नगर के वार्ड 10 स्थित मसोबा देव कॉलोनी में पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड हस्ते श्री संत सेना महाराज(नाव्ही) समाज संगठन के तत्वावधान में सामुदायिक भवन की नीव रखी गई। जनसहयोग से निर्मित होने जा रहे सामुदायिक भवन का भूमिपूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ में किया गया। अवसर पर बोलते हुये पूर्व मंत्री श्री मोहोड ने कहा कि, सामाजिक एकता से ही समाजोत्थान संभव है, क्षेत्र का नाव्ही समाज समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से संगठीत रहता हैं।

उनकी एकता से ही सामुदायिक भवन की आज आधारशिला रखी गई हैं अवसर पर मुख्य से पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद्र डागा, पूर्व नगराध्यक्ष संजय राठी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र येमदे, पूर्व नप उपाध्यक्ष सुनील भानगे, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाडे, मंडल महामंत्री नरेन्द्र कुकडे के अलावा भवन निर्माण समिति अध्यक्ष रवि रामटेके, उपाध्यक्ष रामभाऊ साखरकर, पुरूषोत्तम चांदेकर, संजय चावके, गणेश चावके, अशोक अनेराव, प्रवीण वाटकर, ईश्वर कान्होरकर, मुरलीधर साखरकर, रवि साखरकर, वासुदेव कुंभलकर आदि उपस्थित थे।

# जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित

**रामाकोना, देशबन्धु ।** जन आरोग्य समिति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाकोना में विगत 26 जून 2025 अध्यक्ष पद के लिए बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित आमंत्रितों द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड को सभी की सहमति से सीमित अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति किया गया ।

इस अवसर पर संस्था प्रभारी डॉ प्रफुल्ल भोयर द्वारा रामाकोना संस्था को प्राप्त एनक्यूएएस अवार्ड की जानकारी दी गई जिसमें सभी जन आरोग्य सदस्यों के द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी ।

पूर्व संचालित समिति को भंग कर नयी कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया ।बैठक में जनपद पंचायत सदस्य गुलाब राव पांडे,सरपंच श्वेता गगन गोहेल ,उपसरपंच संतोष चौधरी , रामाकोना मंण्डल अध्यक्ष नामदेव पाल, पंच सुनंदा वाघमारे , गगन गोहेल, शिवराज ठोसरे, श्याम ठाकरे, लाभेश माहेश्वरी, इमरान अंसारी रवि निरगुडे, इब्राहिम पठान आकाश खंडाईत पंच, राजेन्द्र भानगे पंच, श्याम सिंगनापुरे, खलिल कुरैशी, विजय धुन्डे, एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त कर्मचारी बैठक में उपस्थित थे बैठक के उपरांत चिकित्सालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।



# महिला कृषि उद्यमी पशु मित्र का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु ।** 14 जून 2025 से 26 जून 2025 तक 13 दिवसीय कृषि उद्यमी (पशु मित्र) का आवासीय प्रशिक्षण आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह, पशुपालन एवं डेयरी की महिलाओं का प्रशिक्षण सेंट आर सेटी सिवनी में किया गया था। जिसमें अलग अलग ब्लॉक से उपस्थित स्वसहायता समूह से 35 प्रशिक्षणार्थियों ने उपस्थित होकर इस प्रशिक्षण का लाभ लिया। यह प्रशिक्षण डॉ. मनीष कुमार शेंडे (पशु चिकित्सक)एवं डॉ. अखिलेश कुल्हाडे (कृषि वैज्ञानिक) के द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण का मूल्यांकन दिनांक 26-06-2025 को सेंट आर सेटी सिवनी में किया गया जिसमें मूल्यांकन अधिकारी श्री गौरव डेहरिया एवं श्री रामसुख दुबे के द्वारा असेसमेंट किया गया। दिनांक 26-06-2025 को आयोजित हुए प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक प्रवीण कुमार दिसोरिया सर (एसबीआई) सिवनी एवं एनआरएलएम से डीपीएम संजय रस्तोगी तथा कृषि विज्ञान केंद्र से कृषि वैज्ञानिक अखिलेश कुल्हाडे की उपस्थिति रही।

# राष्ट्रवादी संगठन भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यशाला आज

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** राष्ट्रवादी संगठन जिसका मुख्य उद्देश्य है अपने भारत का विकास भारत विकास परिषद देशव्यापी उक्त संगठन के महाकौशल प्रांत की एक दिवसीय प्रांतीय कार्यशाला आज रविवार 29 जून को गोटेगांव में आयोजित की जा रही है।भारत विकास परिषद के बी डी सोनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रांत के संरक्षक समाजसेवी इंजीनियर सरदार सिंह पटेल के मार्गदर्शन में गोटेगांव इकाई एवं महाकौशल प्रांत के द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में हमारे नरसिंहपुर जिले के गौरव रीजनल प्रेसिडेंट इंजीनियर सुनील कोठारी , नेशनल पर्यावरण मेंबर जितेंद्र शर्मा, रीजन संपर्क प्रमुख रामकृष्ण चौकसे, रीजनल जवाईन सेक्रेटरी पूर्णेन्दु भट्ट, रीजन पर्यावरण संयोजक जितेंद्र कुलकर्णी, रीजन महिला सहयोगिता प्रमुख भारती कौरव, का आतिथ्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

प्रात: 9:00 बजे से श्रेया होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे महाकौशल प्रांत की प्रत्येक इकाई से रीजनल एवं प्रांत के पदाधिकारी गोटेगांव पधार रहे हैं जिनके आत्मीय स्वागत हेतु प्रांत एवं गोटेगांव इकाई के सभी सदस्य अपना विशिष्ट योगदान कर रहे हैं । प्रांत अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रांत महासचिव सुनील मालू, प्रांत कोषाध्यक्ष नितिन पालीवाल, प्रांत कार्यशाला संयोजक आशुतोष वर्मा, संगठन सचिव राजीव , बिल्थरे, प्रांत महिला संयोजक सरोज चौकसे, प्रांत संयोजक संपर्क पंकज चौकसे, प्रांत संयोजक सेवा सुधीर मिश्रा, प्रांत संयोजक पर्यावरण सी आर कौरव, भी प्रांत में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी प्रस्तुत करेंगे एवं आगामी रूपरेखा भी प्रस्तुत करेंगे। कि प्रांतीय कार्यशाला में प्रांत में रहने वाले, राष्ट्रीय एवं रीजन के पदाधिकारी, प्रांत के पदाधिकारी, शाखा पालक, अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव, संगठन के विशिष्ट पदाधिकारी अपेक्षित हैं जिला संयोजक देवदत्त पचौरी, गोटेगांव इकाई अध्यक्ष गोविंद पटेल, सचिव राकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष पटेल, एवं सभी सदस्यों ने इस कार्यशाला में उपस्थित होकर देश के विकास में अपना योगदान देने की अपील की है।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 29 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की चतुर्थी, नक्षत्र- अश्लेषा।**

मेष - परिजनों के साथ वाद-विवाद होने से मन चिंता से भरा रहेगा। छाती में दर्द या अन्य कोई शारीरिक परेशानी होने से शरीर शिथिल रहेगा।

वृषभ - आज आपको हर काम में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा।

मिथुन - आज आप किसी बात को लेकर नेगेटिव विचार मन में ना रखें। असंतोष की भावना रह सकती है।

**क-349-590**

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं। छोटे प्रवास या पर्यटन की संभावना है। आज आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और मन भी खुश रहेगा।

सिंह - आज निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे। पारिवारिक कामों के पीछे धन का खर्च होगा। वाणी पर संयम रखें।

कन्या - आज आपको विविध क्षेत्रों से लाभ होने होने की संभावना है। व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

तुला - आज पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। घर की साज-सजावट में भी परिवर्तन करेंगे, इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

वृश्चिक - आप के लिए आज भाग्यवृद्धि का दिन है। विदेश में स्नेहीजन से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

धनु - आज सुबह आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। नेगेटिव विचार से आप परेशान रह सकते हैं। वैचारिक स्तर पर संयम रखना आवश्यक है।

मकर - आज के दिन परिजनों के साथ पर्यटन का आनंद उठाएंगे। सुबह मन खुश रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको हो सकती है।

कुंभ - आज का दिन सुख और शांति से गुजरेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी।

मीन - आज आप किसी व्यक्ति या वस्तु के आकर्षण में रहेंगे। किसी भी व्यक्ति के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद ना करें। नए काम की शुरुआत को आज टालें।

**म-199-225**

3,8,4,9-31,85,47,93,18,67,22,71

# खेत-तालाब से जल संरक्षण के साथ कृषि आय में भी वृद्धि

**सिवनी, देशबन्धु ।** प्रदेश शासन की मंशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण को बढावा देने एवं किसानों को भी सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिवनी जिले में बडी संख्या में मनरेगा योजनांतर्गत खेत तालाब निर्माण का कार्य कराया गया है। वर्तमान में भी कई खेत तालाब निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। खेत तालाब निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से वर्षा के जल का संचय हो सकेगा। जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलने के साथ-साथ मछली पालन एवं कमल तथा सिंघाडे आदि की खेती जैसी गतिविधियों के लिए भी विकल्प की सुविधा मिल सकेगी वहीं ये तालाब भू-जल स्तर को बढाने में भी सहायक होंगें।





ऐसी ही कहानी ग्राम पंचायत बिहिरिया के दिनेश माधव कुमरे की भी है। जिनके खेत में खेत तालाब निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया। पूर्व में संबंधित हितग्राही की आर्थिक स्थिति उतनी सुदृढ नहीं थी। हितग्राही के पास लगभग तीन एकड बर्रा जमीन है किंतु पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें खेती हेतु वर्षा पर ही निर्भर रहना पडता था। परिवार में 05 सदस्य है वे सभी इतनी ही जमीन पर वर्ष भर अपना भरण पोषण करते हैं अन्य आजीविका के परिवार के पास कोई साधन नहीं थे।

तालाब बनने के पूर्व हितग्राही केवल बारिश आधारित फसल ही लगाते थे एवं अन्य समय पर अन्य कृषकों के खेतों में मजदूरी कार्य करते थें। हितग्राही को मनरेगा योजना से खेत तालाब का लाभ दिया गया खेत तालाब बनने के बाद अब साल भर हितग्राही के खेत में पानी का अतिरिक्त स्त्रोत बना दिया गया है, जिससे कि हितग्राही पूरे साल समय-समय पर आने वाली फसलों के साथ-साथ सब्जी उगाकर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ कर रहा है अब हितग्राही एवं उसका परिवार अन्य किसी के खेत में मजदूरी न कर स्वयं के खेत पर ही कार्य करते हुये अधिक लाभ अर्जित कर रहा है।

# सामाजिक पहल करते हुए गणमान्यों द्वारा निर्धन कन्या का करेंगे विवाह

**सौसर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बोरगांव में सामाजिक पहल करते हुए ग्राम के गण मान्यों द्वारा निर्धन परिवार की बच्ची की शादी हेतू अपना उत्तरदायित्व समझते हुए महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।



ग्राम जामलापानी निवासी शोभा बाई धुर्वे की पुत्री की शादी हेतु गुलाबराव ताजने जन स्वास्थ्य सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन ताजने एवं ग्राम के गणमान्य श्री जनपद सदस्य डॉ गमे, सरपंच पंकज श्रीपत दातरकर, उपसरपंच घनश्याम कालबांडे, वामन ठोंबरे जी, पुरषोत्तम काकडे, राहुल बंसोड,रविप्रकाश सिंह, ज्ञानेश्वर परिहार,सुनिल जुनघरे, गोविन्द पुसदेकर, प्रदीप कालबांडे, प्रदीप शहाणे, सचिव कमलाकर बोबडे,रोशन कडबे,सत्तार मोहब्बे, महेंद्र काकडे, नरेंद्र राजुरकर ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इसमें विशेष योगदान सुनिल जुनघरे, गोविन्द पुसदेकर, एवं रोशन कडबे का रहा। निश्चित ही ऐसी पहल से सामाजिक सरोकार को बढ़ावा मिलेगा एवं इससे लोग प्रेरित होकर निर्धन और असहाय लोगों की सेवा करें।

आगामी 2 जुलाई 2025 दिन बुधवार को ग्राम जामलापानी में इस बच्ची का विवाह होने जा रहा है। आप सभी इस सामाजिक उपक्रम में जुड़कर बच्ची को आशीर्वाद एवं सहयोग प्रदान करेंगे।